
प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर। 26 जून 2023। मैसर्स इन्टेलीपार्ट (Intellipaat) कम्पनी पाठ्यक्रम सामग्री के विचार और निर्माण के लिए एक अद्वितीय दृष्टिकोण को जोड़ती है। यह कम्पनी मॉक इंटरव्यू सत्र आयोजित करके और प्रत्येक उम्मीदवार को उच्च गुणवत्ता वाला बायोडाटा बनाने में मदद करती है तथा इस कार्य को और आगे बढानें के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में साक्षात्कार के आधार पर दो विद्यार्थियों क्रमशः पुनित कोठारी (बी.टेक.ईसीई) एवं मुकेश भट्ट (बी.टेक. ईई) का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज 7.25 लाख प्रतिवर्ष देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थी को शुभकामनाएं दी। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. दीपा विनय ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।





**निदेशक संचार**